उत्तर प्रदेश शासन
भाषा (उर्दू) अनुभाग-2
संख्या I 65/इक्कीस-उर्दू-2-2024
लखनऊ: दिनांक 03 अक्टूबर,2024

सचिवालय के समस्त अधिष्ठान:-

गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भाषा विभाग के नियंत्रणाधीन जूनियर हाईस्कूल/हाईस्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा दिनांक 10,11 एवं 12 दिसम्बर, 2024 को आयोजित की जा रही है ! उक्त परीक्षा में आवेदन-पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 05 नवम्बर, 2024 निर्धारित है । इस परीक्षा में सभी शासकीय/राज्य कर्मचारी/निगम/ स्थानीय निकाय कर्मचारी सम्मिलित हो सकते हैं | जूनियर हाईस्कूल एवं हाईस्कूल स्तर की परीक्षा से संबंधित सादे आवेदन पत्र आवश्यक निर्देशों सहित आपको इस अनुरोध के साथ प्रेषित किये जा रहे हैं कि इसे **अपने विभाग के नियंत्रणाधीन समस्त कर्मचारियों में परिचालित** कराने का कष्ट करें, ताकि इच्छुक अधिकारी/कर्मचारी परीक्षा में सम्मिलित हो सकें। निर्धारित प्रोफोर्मा पर भरे हुए आवेदन-पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर दिनांक **05 नवम्बर, 2024** तक सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रयागराज कार्यालय में जमा कराने का कष्ट करें।
संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(मो0आसिम रिजवी)
अनु सचिव (भाषा)

Signed by Mohd Asim Rizvi
Date: 01-10-2024 17:35:29

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

1- प्रतिलिपि-निदेशक/सचिव,समस्त भाषाई संस्थाओं को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त के संबंध में संस्था/अकादमी के वेबसाईट पर प्रेस विज्ञप्ति अपलोड कराने का कष्ट करें।
2-भाषा अनुभाग-2(अधि0)

(मो0आसिम रिजवी)
अनु सचिव (भाषा)

Scanned with CamScanner

## आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध में निर्देश तथा नियमावली

शासनादेशानुसार इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत वे सभी राजपत्रित कर्मचारियो के साथ साथ निगमो व स्थानीय निकायो के कर्मचारी भी सम्मिलित हो सकते है जिन्होने हाईस्कूल अथवा समकक्ष या कोई उच्चतर परीक्षा उर्दू विषय न लेकर उत्तीर्ण किया हो और न किसी स्तर की उर्दू परीक्षा उत्तीर्ण की हो। इस परीक्षा मे पूर्व मे सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो गए परीक्षार्थी पुनः इस परीक्षा मे सम्मिलित नही हो सकते हैं। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। परीक्षा का पाठ्यक्रम नीचे अंकित है।

प्रत्येक अभ्यर्थी को एक आवेदन–पत्र फोटो लगाकर भरने हैं और वह भरा हुआ आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर सीधे सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0 प्र0 एलनगंज प्रयागराज को दिनांक 05.11.2024 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए। साथ मे दो–दो लिफाफे अपने स्वय के पते लिखकर अवश्य सलग्न करे। आवेदन पत्र इस कार्यालय मे प्राप्त होने पर तुरंत परीक्षा कार्यक्रम / प्रवेश पत्र आपके पास भेजा जाएगा। परीक्षा प्रदेश के निम्नलिखित चार केंद्रो पर आयोजित होगी। अभ्यर्थी जिस केंद्र पर परीक्षा देना चाहते हो निर्धारित स्थानो पर केंद्र का नाम अवश्य अंकित करे।

**केंद्र का नाम :** (1) जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान, महात्मा गाधी मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज

(2) राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ

(3) जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण संस्थान, आगरा

(4) राजकीय इंटर कॉलेज, मुरादाबाद

### लिखित परीक्षा कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| बुद्धवार | 11 दिसम्बर 2024 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक |
| बुद्धवार | 11 दिसम्बर 2024 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक |
| बृहस्पतिवार | 12 दिसम्बर 2024 | मौखिक परीक्षा | प्रातः 10 बजे से |

इस परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय श्रेणी मे उत्तीर्ण करने वालो को क्रमशः 1400, 1000 व 800 का पुरस्कार तथा प्रमाण–पत्र दिये जाने का प्राविधान है। इसके अतिरिक्त परीक्षा स्थल पर जाने तथा आने का नियमानुसार यात्रा भत्ता भी संबंधित विभाग द्वारा देय है। राजाज्ञा स0 1724 / चालीस–स एकी 15.06.77 दिनांक 26 जुलाई 1976 तथा राजाज्ञा सं I/698086/2024 file no 21 **10/1/2021** उर्दू–2 भाषा अनुभाग–10 भाषा विभाग दिनांक–23 जुलाई 2024 के अंतर्गत इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी की गोपनीय चरित्र पंजिका मे उपर्युक्त प्रमाण–पत्र का अभिलेख भी रखा जाएगा।

### पाठ्य–क्रम

लिखित परीक्षा — समय 3 घंटे

प्रथम प्रश्न–पत्र — 15 अंक

1. अनुवाद उर्दू से अंग्रेजी / हिंदी ........ 40 अंक
2. उर्दू भाषा के गद्य तथा पद खंड को साधारण उर्दू भाषा में लिखना ........ 10 अंक
3. अंग्रेजी के प्रशासनिक शब्दों का उर्दू में अनुवाद ........ 20 अंक
4. सामान्य उर्दू कहावतों का वाक्यो मे प्रयोग ........

योग 100 अंक

समय 2 घंटे

द्वितीय प्रश्न पत्र ........ 50 अंक

1. उर्दू में लेख ........ 30 अंक 50 अंक

मौखिक परीक्षा (अ) उर्दू मे छपा हुआ या साइक्लोस्टाइल किया हुआ या हस्तलिखित गद्य खंड का पढना ........ 20 अंक

(ब) परीक्षक के साथ उर्दू मे वार्तालाप करना ........

योग 100 अंक

महायोग 200 अंक

**टिप्पणी**—अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सुझाव है कि परीक्षा के लिए तैयारी करने के उद्देश्य से जो पुस्तक हाईस्कूल के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित है उसका अध्ययन कर लें।

सचिव

परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

---

### परीक्षा कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| बुद्धवार | 11 दिसम्बर 2024 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक, |
| बुद्धवार | 11 दिसम्बर 2024 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक |
| बृहस्पतिवार | 12 दिसम्बर 2024 | मौखिक परीक्षा | प्रातः 10 बजे से, |

urdu-129

Scanned with CamScanner

प्रदेश के राजपत्रित एव अराजपत्रित राज्य कर्मचारियो, निगमो व स्थानीय निकायो के कर्मचारियो के लिए
**हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024–25 का आवेदन पत्र**

| |
|---|
| राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाए। |

(अभ्यर्थी इस आवेदन पत्र को अपनी हस्तलिपि में भरे)
(नोट–हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा की पिछली परीक्षाओ मे जो अभ्यर्थी सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो चुके है वह इसमें सम्मिलित नहीं हो सकते।)

सेवा में
सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज
अनुक्रमाक........................... (सचिव कार्यालय मे भरा जाएगा।)

महोदय,
निवेदन है कि मै हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024–25 मे सम्मिलित होना चाहता हू। इस परीक्षा मे बैठने के लिए शासन द्वारा जो भी बधन एव शर्तें पीछे मुद्रित है, उनकी मुझे जानकारी है और नियमानुसार इस परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए पात्र हूं। अत अनुरोध है कि मुझे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करे।
मेरा अन्य विवरण इस प्रकार है

1 पूरा नाम (हिंदी मे) (स्वच्छ लिपि मे)________________
(उर्दू में)________________
2 पिता का नाम हिंदी मे________________
(उर्दू मे)________________
3 शैक्षिक योग्यता________________
4. पद________________
5. राजपत्रित/अराजपत्रित अथवा निगम अथवा स्थानीय निकाय कर्मचारी________________
6. कार्यालय का नाम जहा कार्यरत हैं________________
________________
7- तिथि जब से कार्य कर रहे है________________
8 परीक्षा केंद्र का नाम जहा से परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता है________________
(केंद्र का नाम पीछे मुद्रित है)

हस्ताक्षर अभ्यर्थी (हिंदी में) ________________

**अग्रसारण अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) का प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि........................................ इस कार्यालय में कार्यरत है और इनके द्वारा पूरित [illegible] मेरी जानकारी मे सही है तथा उपर्युक्त परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।

दिनांक

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर........................
पद की स्पष्ट मुहर

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024–2025**
**प्रवेश पत्र**

| |
|---|
| राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहां लगाएं। |

अनुक्रमाक________________ (सचिव कार्यालय मे भरा जाएगा)
अभ्यर्थी का नाम________________
कार्यालय का नाम जहां कार्यरत हैं________________
परीक्षा केंद्र का नाम________________

हस्ताक्षर केंद्र व्यवस्थापक
केंद्र की मुहर

(कार्यक्रम पीछे मुद्रित है)

urdu-128

Scanned with CamScanner

## आवेदन पत्र भरने के सम्बन्ध मे निर्देश तथा नियमावली

शासनादेशानुसार इस परीक्षा में शासकीय/निगम/स्थानीय निकाय के कर्मचारी सम्मिलित हो सकते है जो उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत कार्यरत हो और जो जूनियर हाईस्कूल अथवा कक्षा 8 की परीक्षा अथवा समकक्ष या उच्चतर परीक्षा यद्यपि उत्तीर्ण हो तथापि इनमे से किसी भी परीक्षा में उर्दू न लिए हो। इस परीक्षा मे वे कर्मचारी सम्मिलित नहीं हो सकते है जिन्होंने गत वर्षो मे जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू की वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इस परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नही है। परीक्षा का पाठ्यक्रम नीचे अंकित है।

प्रत्येक अभ्यर्थी को एक आवेदन-पत्र फोटो लगाकर भरने है और वह भरा हुआ आवेदन पत्र उचित माध्यम से अग्रसारित कराकर सीधे सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0 प्र0 एलनगंज प्रयागराज को दिनांक 05.11.2024 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए। साथ मे दो-दो लिफाफे अपने स्वयं के पते लिखकर अवश्य संलग्न करे। आवेदन पत्र इस कार्यालय मे प्राप्त होने पर तुरंत परीक्षा कार्यक्रम/प्रवेश पत्र आपके पास भेजा जाएगा। परीक्षा प्रदेश के निम्नलिखित चार केंद्रो पर आयोजित होगी। अभ्यर्थी जिस केंद्र पर परीक्षा देना चाहते हो, निर्धारित स्थानो पर केंद्र का नाम अवश्य अंकित करें।

**केंद्र का नाम :** (1) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, महात्मा गांधी मार्ग, सिविल लाइंस, प्रयागराज
(2) राजकीय इंटर कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ
(3) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा
(4) राजकीय इंटर कॉलेज, मुरादाबाद

### लिखित परीक्षा कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 1 बजे से 3 बजे तक |

इस परीक्षा मे प्रथम, द्वितीय अथवा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण करने वालो को क्रमशः 600, 400 व 200 का पुरस्कार तथा राजाज्ञा स0 2253/ चालीस-स. एकी 15.01.1981 राजाज्ञा स. 302(2) चालीस-2-81 स. एकी, 05.06.1981 तथा राजाज्ञा स. राजाज्ञा स. I/698086/2024 file no-21-10/1/2021 उर्दू 2 भाषा अनुभाग-10 भाषा विभाग दिनांक-23 जुलाई 2024 के द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त परीक्षा स्थल पर जाने तथा आने का नियमानुसार यात्रा भत्ता भी संबंधित विभाग द्वारा देय है।

### पाठ्य-क्रम

प्रथम प्रश्न-पत्र पूर्णांक 50 अंक — समय 2 घंटे

1. पद्य व गद्य का साधारण उर्दू मे अर्थ ........ 20 अंक
2. प्रश्नो का उत्तर उर्दू मे देना ........ 10 अंक
3. उर्दू अंश को हिंदी मे अनुवाद करना ........ 10 अंक
4. हिंदी अंश को उर्दू मे अनुवाद करना ........ 10 अंक

योग 50 अंक

द्वितीय प्रश्न-पत्र पूर्णांक 50 अंक — समय 2 घंटे

1. दरखास्त तथा चिट्ठी लिखना ........ 20 अंक
2. 20 पंक्तियो का लेख लिखना ........ 10 अंक
3. मुहावरो तथा कहावतो का वाक्यो मे प्रयोग ........ 10 अंक
5. जबान तथा कहावत से संबंधित आसान प्रश्न ........ 10 अंक

योग 50 अंक

महायोग 100 अंक

सचिव
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज

---

### परीक्षा कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | प्रथम प्रश्न पत्र | प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक |
| मंगलवार 10 दिसम्बर 2024 | द्वितीय प्रश्न पत्र | अपराहन 1 बजे से 3 बजे तक |

urdu-131

Scanned with CamScanner

प्रदेश के राजपत्रित एवं अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, निगमों व स्थानीय निकायों के कर्मचारियों के लिए

**जूनियर हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024–25 का आवेदन पत्र**

| |
|---|
| राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहा लगाए। |

(अभ्यर्थी इस आवेदन पत्र को अपनी हस्तलिपि में भरे)
(नोट–जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा की पिछली परीक्षाओं मे जो अभ्यर्थी सम्मिलित होकर उत्तीर्ण हो चुके हैं वह इसमे सम्मिलित नहीं हो सकते।)

सेवा मे,
सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज
अनुक्रमाक.................................(सचिव कार्यालय मे भरा जाएगा।)

महोदय,

निवेदन है कि मैं जूनियर हाईस्कूल की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024-25 मे सम्मिलित होना चाहता हूं, इस परीक्षा मे बैठने के लिए शासन द्वारा जो भी बंधन एवं शर्तें पीछे मुद्रित हैं, उनकी मुझे जानकारी है और नियमानुसार इस परीक्षा मे सम्मिलित होने के लिए पात्र हूँ। अतः अनुरोध है कि मुझे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करे।

मेरा अन्य विवरण इस प्रकार है–

1. पूरा नाम (हिंदी मे) (स्वच्छ लिपि में) ________________
   (उर्दू में)________________
2. पिता का नाम हिंदी में ________________
   (उर्दू मे)________________
3. शैक्षिक योग्यता ________________
4. पद ________________
5. राजपत्रित / अराजपत्रित अथवा निगम अथवा स्थानीय निकाय कर्मचारी________________
6. कार्यालय का नाम जहा कार्यरत हैं ________________
7. तिथि जब से कार्य कर रहे हैं________________
8. परीक्षा केंद्र का नाम जहां से परीक्षार्थी परीक्षा मे सम्मिलित होना चाहता है________________
   (केंद्र का नाम पीछे मुद्रित है)

हस्ताक्षर अभ्यर्थी (हिंदी में) ________________

**अग्रसारण अधिकारी (कार्यालयाध्यक्ष) का प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि.........................................इस कार्यालय मे कार्यरत है और इनके द्वारा पूरित विवरण मेरी जानकारी में सही है तथा उपर्युक्त परीक्षा में बैठने के पात्र हैं।

दिनांक :

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर..............................
पद की स्पष्ट मुहर

- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -

**जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024–2025**

**प्रवेश पत्र**

अनुक्रमांक________________ (सचिव कार्यालय मे भरा जाएगा)
अभ्यार्थी का नाम________________
कार्यालय का नाम जहां कार्यरत है________________
परीक्षा केंद्र का नाम________________

| |
|---|
| राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित अपना पासपोर्ट साइज फोटो यहा लगाए। |

हस्ताक्षर केंद्र व्यवस्थापक
केंद्र की मुहर

(कार्यक्रम पीछे मुद्रित है)

urdu-130

Scanned with CamScanner

## कार्यालय–सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

जूनियर हाईस्कूल/हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा 2024–25 दिनांक 10,11 एवं 12 दिसम्बर 2024 का सम्पादित होगी।

अर्हताः–समस्त राजकीय तथा नियमो से स्थानीय निकायों से अधिकारी/कर्मचारी।

1. हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप में न लिया हो वे ही अभ्यर्थी हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतू अर्ह हैं।
2. जूनियर हाईस्कूल स्तर या समकक्ष अथवा उच्च स्तर की परीक्षा में उर्दू विषय के रूप में न लिया हो वे ही अभ्यर्थी जूनियर हाईस्कूल स्तर की उर्दू वैकलिक प्रवीणता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह है।

परीक्षा केन्द्रः–

1. राजकीय इण्टर कालेज, निशातगंज, लखनऊ।
2. राजकीय इण्टर कालेज, मुरादाबाद।
3. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज।
4. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, आगरा।

परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सादे आवेदन पत्र एवं नियमादि, उत्तर प्रदेश के समस्त विभागाध्यक्षों एवं कार्यालयाध्यक्षों के पास प्रेषित किये जा रहे है तथा इस कार्यालय की वेबसाइट www.examregulatoryauthorityup.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र जनपद के जिला सूचना अधिकारी कार्यालय से भी प्राप्त किये जा सकते है। अभ्यर्थियों द्वारा भरें गये आवेदन पत्र उनके कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित होकर सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 प्रयागराज के कार्यालय में अनिवार्य रूप से दिनांक 05.11.2024 तक अवश्य पहुँच जाना चाहिए।

हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रमशः रू0 1400.00 रू0 1000.00 रू0 800.00 नगद पुरस्कार तथा जुनियर हाईस्कूल स्तर के उर्दू वैकल्पिक प्रवीणता परीक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को क्रमशः रू0 600.00 रू0 400.00 रू0 200.00 का नगद पुरस्कार तथा साथ में दक्षता प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। अधिकारियों/कर्मचारियों का यात्रा भत्ता नियमानुसार उनके विभाग/कार्यालय से देय होगा।

25.9.2024

सचिव

परीक्षा नियामक प्राधिकारी,

उत्तर प्रदेश, प्रयागराज